## भाग – I/PART – I

## बाल विकास व शिक्षाशास्त्र/CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए :*

**1.** शिक्षण और अधिक प्रभावी हो सकता है, यदि

(1) छात्रों को स्वयं कार्य करने की स्वायत्तता व नियंत्रण दिया जाये

(2) छात्र अधिगम, शिक्षक द्वारा निर्देशित एवं नियंत्रित हो

(3) शिक्षक तथ्यों की व्याख्या करने में केन्द्रीय भूमिका निभाये

(4) शिक्षक अधिगम को निर्देशित करें

**2.** शिक्षण प्रभावी हो जाता है, यदि

(1) कक्षा-कक्ष में प्रत्यक्ष अनुदेशन को प्रयोग में लाया जाये

(2) कक्षा-कक्ष में शिक्षक निर्देशित विधियों का उपयोग किया जाये

(3) दोनों शिक्षक निर्देशित विधियाँ एवं प्रत्यक्ष अनुदेशन काम में लिये जायें

(4) छात्र केंद्रित अनुदेशन और अन्तःक्रियात्मक विधियों का उपयोग किया जाये

**3.** एक उत्तम कक्षा-कक्ष शिक्षक

(1) छात्रों की प्राकृतिक जिज्ञासा का पोषण करता है

(2) छात्रों को पारस्परिक संवाद के लिए प्रोत्साहित करता है

(3) छात्रों को वास्तविक वैश्विक परिस्थितियों में सम्मिलित करता है

(4) उपरोक्त सभी

***Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** option :*

**1.** Teaching becomes much more effective provided

(1) Students are given autonomy and control to work on their own

(2) Students learning is directed and controlled by the teacher

(3) Teacher plays a central role in explaining the facts

(4) Teacher directs learning

**2.** Teaching becomes effective provided

(1) Direct instruction is used in the classroom

(2) Teacher directed methods are used in the classroom

(3) Both teacher directed methods and direct instruction are used

(4) Learner centered instruction and interactive methods are used

**3.** A good classroom teacher

(1) Nurtures learner's natural curiosity

(2) Encourages learners to engage in dialogue

(3) Involves learners in real world situations

(4) All of the above

4. सृजनात्मकता की विशेषता होती है
   (1) मौलिकता
   (2) प्रवाहशीलता
   (3) लचीलापन
   (4) उपरोक्त सभी

5. सामान्यतः छात्रों में पठन-पाठन के लिए निम्न विशिष्टतायें होती हैं
   (1) अधिगम में क्रियाशीलता
   (2) छात्रों में सीखने की योग्यता
   (3) स्वयं क्रिया करके नवीन अनुभवों द्वारा ज्ञान का निर्माण करना
   (4) उपरोक्त सभी

6. एक मन्द गति से सीखने वाले बालक को जरूरत होती है
   (1) अतिरिक्त सहायता की
   (2) विशेष सहायता की
   (3) किसी सहायता की नहीं
   (4) कुछ सहायता की

7. आपके द्वारा पूछे गये प्रश्न का विद्यार्थी गलत उत्तर देता है, तो आप
   (1) दूसरा प्रश्न पूछेंगे जिससे विद्यार्थी स्वयं महसूस करे कि उत्तर गलत था
   (2) उसे बतायेंगे कि उसका उत्तर गलत क्यों था
   (3) किसी दूसरे विद्यार्थी को उत्तर देने के लिए कहेंगे
   (4) सही उत्तर बतायेंगे

4. Characteristic of creativity is
   (1) Originality
   (2) Fluency
   (3) Flexibility
   (4) All of the above

5. Students have following characteristics for learning and teaching
   (1) Activeness in learning
   (2) Students have abilities to learn
   (3) Students construct knowledge through self activity in relation to new experiences
   (4) All of the above

6. A slow learner needs
   (1) extra help
   (2) special help
   (3) no help
   (4) some help

7. If a student gives wrong answer to a question put up by you. You will
   (1) put up another question so that he himself realises that his answer was wrong
   (2) tell him why his answer was wrong
   (3) ask some other student to answer
   (4) tell the correct answer

8. शिक्षण को निम्न प्रकार से परिभाषित किया जाता है
   (1) अधिगम का सरलीकरण
   (2) शिक्षकों द्वारा ज्ञान का स्थानान्तरण तथा छात्र द्वारा ज्ञान को ग्रहण करना
   (3) पाठ्यपुस्तकों को पढ़ना
   (4) शिक्षकों द्वारा ज्ञान का स्थानान्तरण

9. निम्नलिखित में से कौन-सा स्तर शिक्षण का है ?
   (1) परावर्तक
   (2) अन्त:क्रियात्मक
   (3) प्रक्षेपण
   (4) संकलित

10. शिक्षकों को निम्नलिखित शिक्षण विधियों को अभ्यास में लाना चाहिए
   (1) भाषण विधि
   (2) अन्त:क्रियात्मक विधियाँ
   (3) वर्णनात्मक
   (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

11. विद्यार्थियों को दिये जाने वाले परामर्श की सर्वाधिक उपयोगिता यह है कि
   (1) इससे उनका ज्ञान बढ़ता है
   (2) उनका कौशल बढ़ता है
   (3) उनमें आत्मविश्वास की अभिवृद्धि होती है
   (4) वे दुनियादारी में सफल बन जाते हैं

8. Teaching is defined as
   (1) Facilitation of learning
   (2) Transmission of knowledge by teachers and its reception by the students
   (3) Reading the textbooks
   (4) Transmission of knowledge by teachers

9. Which one of the following is a level of teaching ?
   (1) Reflective
   (2) Interactive
   (3) Projective
   (4) Summative

10. Teachers need to practise the following teaching methods
   (1) Lecture method
   (2) Interactive methods
   (3) Narratives
   (4) None of the above

11. Counselling to students is most useful for
   (1) Enhancing their knowledge
   (2) Developing their skills
   (3) Developing self confidence in them
   (4) Making them worldly successful

12. बहुग्रेड अध्यापन वह है जिसमें
    (1) एक विद्यार्थी एक ही समय में एक से अधिक कक्षाएँ उत्तीर्ण कर सकता है
    (2) एक अध्यापक को एक ही समय में एक से अधिक कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाना पड़ता है
    (3) कक्षावार अध्यापन का कोई अर्थ नहीं है
    (4) उपर्युक्त सभी

13. शिक्षकों की भूमिका है
    (1) ज्ञान का संप्रेषण करना
    (2) छात्रों को अनुशासन में रखना
    (3) छात्रकेन्द्रित, क्रिया आधारित अन्तःक्रियात्मक अधिगम का सृजन करना
    (4) उपरोक्त सभी

14. पठन-पाठन में शिक्षकों को करना चाहिए
    (1) ज्ञान का मौखिक स्थानान्तरण
    (2) जिज्ञासु प्रवृत्ति का प्रोत्साहन
    (3) कक्षा-कक्ष में पाठ्यपुस्तक द्वारा शिक्षण
    (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

15. एक प्रतिभाशाली बालक की आप मदद कर सकते हैं
    (1) उस पर अधिक ध्यान देकर
    (2) उसे अधिक पुस्तकें देकर
    (3) उसे अधिक समय देकर
    (4) उसे संवर्धित अधिगम अनुभव देकर

12. Multigrade teaching is that where in
    (1) A student can pass more than one class at a time
    (2) A teacher has to teach the students of more than one class at the same time
    (3) There is no point in classwise teaching
    (4) All of the above

13. The role of the teacher is
    (1) communicating knowledge
    (2) maintaining discipline among students
    (3) creating a learner centered, activity based, interactive learning
    (4) All of the above

14. Teachers should do while teaching
    (1) Transmit knowledge verbally
    (2) Encourage inquiry
    (3) Teach through textbook in the classroom
    (4) None of the above

15. You can help a talented child by
    (1) Paying more attention to him
    (2) Giving him more books
    (3) Spending more time on him
    (4) Giving enriched learning experiences

16. प्रो० जीन पियाजे के अनुसार 0-14 वर्ष आयु वर्ग के बालक का मानसिक विकास चार अवस्थाओं में होता है। इसमें 7-14 वर्ष आयु-वर्ग के विकास की अवस्था को क्या कहते हैं ?

(1) संवेदनात्मक बुद्धि विकास अवस्था
(2) पूर्व संकार्य अवस्था
(3) मूर्त संकार्य अवस्था
(4) औपचारिक संकार्य अवस्था

17. एक अध्यापक के रूप में आप उन विद्यार्थियों से किस प्रकार निबटेंगे जो कक्षा की पिछली सीटों पर बैठ आपस में बातें कर रहे हैं ?

(1) उनकी उपेक्षा करके
(2) उन्हें चुप रहने के लिए कहेंगे अथवा कक्षा से बाहर जाने को कहेंगे
(3) उन्हें कक्षा से बाहर कर देंगे
(4) उनसे पूछेंगे कि वे ध्यान क्यों नहीं दे रहे

18. एक बालक के व्यक्तित्व के मापन की सर्वाधिक वस्तुनिष्ठ विधि है

(1) प्रक्षेपी विधि
(2) साक्षात्कार विधि
(3) प्रश्नावली विधि
(4) समाजमिति विधि

19. भारत में शिक्षा प्रणाली

(1) छात्रों को जीवन के लिए तैयार करती है
(2) रोजगार के लिए तैयार करती है
(3) व्यावसायिक विषयों के लिए तैयार करती है
(4) परीक्षा के लिए तैयार करती है

16. According to Prof. Jean Piaget the mental development of 0-14 years age group occurs in four stages. Name the stage of development for 7-14 years age group

(1) Sensori motor stage
(2) Pre operational stage
(3) Concrete operational stage
(4) Formal operational stage

17. As a teacher, how would you deal with those students sitting in the backseats and talking to each other ?

(1) By ignoring them
(2) Ask them to keep quiet or leave the class
(3) Get them out from the class
(4) Ask them why they are not paying attention

18. Most objective method for measuring personality of a child is

(1) Projective method
(2) Interview method
(3) Questionnaire method
(4) Sociometry method

19. Education system in India is

(1) Preparing students for life
(2) Preparing for employment
(3) Preparing for vocational courses
(4) Preparing for examination

20. कक्षा का एक शरारती बालक अन्य छात्रों को परेशान करता है। एक अध्यापक को उसकी समस्या का कारण जानने हेतु किस विधि का प्रयोग करना चाहिए ?

(1) सर्वेक्षण विधि

(2) वैयक्तिक अध्ययन विधि

(3) प्रायोगिक विधि

(4) पर्यवेक्षण विधि

21. मौखिक मार्गदर्शन कम प्रभावी है

(1) प्रत्ययों के शिक्षण में

(2) कौशल के शिक्षण में

(3) तथ्यों के शिक्षण में

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. एक भावात्मक रूप से संतुलित छात्र

(1) कक्षा-कक्ष में अपने सहपाठियों से मैत्रीपूर्ण सहसम्बन्ध रखता है

(2) कक्षा-कक्ष में अपने सहपाठियों से प्रभावी अन्तःक्रिया नहीं करता

(3) वह नवीन विचारों में कोई योगदान नहीं देता

(4) सहपाठियों द्वारा दिये गये विचारों का सम्मान नहीं करता

23. शिक्षक की भूमिका है

(1) ज्ञान का स्थानान्तरण करना

(2) ज्ञान देना

(3) कौशल अर्जित करने में प्रशिक्षित करना

(4) ज्ञान निर्माण का सरलीकरण करना

20. In a class a naughty child disturbs the students. Which method should a teacher adopt to know the problem of the child ?

(1) Survey method

(2) Case study method

(3) Experimental method

(4) Observation method

21. Oral guidance is less effective in

(1) Teaching concepts

(2) Teaching skills

(3) Teaching facts

(4) None of the above

22. An emotionally stable student

(1) maintains cordial interrelationship with classmates

(2) does not interact effectively with other classmates

(3) does not contribute any new ideas

(4) does not respect the ideas given by other classmates

23. The role of a teacher is

(1) Transferring information

(2) Providing knowledge

(3) Giving training in skills

(4) Facilitating of knowledge construction

24. आप कक्षा का अवधान केन्द्रित कर सकते हैं

(1) उच्च स्वर में बोलकर
(2) श्यामपट्ट पर लिखकर
(3) चित्र बनाकर
(4) उद्दीपन परिवर्तन द्वारा

25. अनुकूलीय एवं सकारात्मक व्यवहार के लिए छात्र में निम्न जीवन कौशल आवश्यक है

(1) प्रभावी अन्तर्वैयक्तिक संप्रेषण
(2) निर्णय लेने की योग्यता
(3) भावनाओं और तनाव के साथ सामंजस्य
(4) उपरोक्त सभी

26. यदि एक विद्यार्थी कोई प्रश्न पूछता है जिसका उत्तर आपके पास नहीं है। आप क्या करेंगे ? आप

(1) छात्र से कहेंगे कि उसका प्रश्न बेतुका है
(2) टालने का प्रयास करेंगे
(3) प्रश्न का जवाब ढूँढ़ेंगे और अगले दिन उसे बतायेंगे
(4) छात्र को अनावश्यक प्रश्न पूछने के लिए झिड़क देंगे

27. एक चिन्तनशील शिक्षक कक्षा-कक्ष में ऐसी परिस्थिति उत्पन्न करता है कि छात्र

(1) भाषण सुन सके
(2) कक्षा-कक्ष में शिक्षक के भाषण के नोट्स ले सके
(3) कक्षा-कक्ष में अनुशासन बनाये रखे
(4) छात्रों और शिक्षक में पारस्परिक अन्तःक्रिया को प्रोत्साहन मिले

24. You can gain attension of your class through

(1) Speaking loudly
(2) Writing on Black Board
(3) Drawing diagrams
(4) Stimulus Variation

25. For adaptive and positive behavior a student needs following life skills

(1) Effective interpersonal communication
(2) Decision making ability
(3) Coping with emotions and stress
(4) All of the above

26. If a student asks a question of which you don't have answer. What will you do ? You will

(1) tell the student that his question is senseless
(2) try to avoid
(3) explore the answer of the question and convey him next day
(4) rebuke the student for asking unnecessary questions

27. A reflective teacher creates classroom situations for

(1) Listening the lecture
(2) Taking notes from the lecture of the teacher
(3) Maintaining classroom discipline
(4) Promoting interaction between students and the teacher

28. शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए

(1) विद्यार्थियों में व्यावसायिक कौशल का विकास करना

(2) विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना का विकास करना

(3) विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए तैयार करना

(4) विद्यार्थियों को व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करना

29. एक छात्र को मार्गदर्शन देने के लिए एक अध्यापक को जानना अत्यावश्यक है

(1) अधिगम की कठिनाई को

(2) उसके व्यक्तित्व को

(3) उसके घर के वातावरण को

(4) उपरोक्त सभी

30. निम्नलिखित में से कौन शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति है ?

(1) कला

(2) विज्ञान

(3) विध्यात्मक विज्ञान

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

28. The aim of education should be

(1) To develop vocational skills in the students

(2) To develop social awareness in the students

(3) To prepare the students for examination

(4) To prepare the students for practical life

29. It is necessary for a teacher to know to guide a student

(1) His learning difficulty

(2) His personality

(3) Environment of his home

(4) All of the above

30. Which of the following is the nature of educational psychology ?

(1) Art

(2) Science

(3) Positive Science

(4) None of the above

## भाग – II/PART – II

## भाषा – I (हिन्दी)/LANGUAGE – I (HINDI)

*निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों (प्रश्न सं० **31-35**) के उत्तर सबसे उचित विकल्प चुनकर दीजिए :*

लोकगीत अपनी लोच, ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये। इनके लिए साधना की जरूरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं।

एक समय था जब शास्त्रीय संगीत के सामने इनको हेय समझा जाता था। अभी हाल तक इनकी बड़ी उपेक्षा की जाती थी। पर इधर साधारण जनता की ओर जो लोगों की नजर फिरी है तो साहित्य और कला के क्षेत्र में भी परिवर्तन हुआ है। अनेक लोगों ने विविध बोलियों के लोक-साहित्य और लोकगीतों के संग्रह पर कमर बाँधी है और इस प्रकार के अनेक संग्रह अब तक प्रकाशित भी हो गए हैं।

वास्तविक लोकगीत देश के गाँवों और देहातों में है। इनका संबंध देहात की जनता से है। चैता, कजरी, बारहमासा, सावन आदि मिर्जापुर, बनारस और उत्तर प्रदेश के पूरबी और बिहार के पश्चिमी जिलों में गाए जाते हैं। बाउल और भतियाली बंगाल के लोकगीत हैं। हीर-राँझा, सोहनी-महीवाल संबंधी गीत पंजाबी में और ढोला-मारू आदि के गीत राजस्थानी में बड़े चाव से गाए जाते हैं।

**31.** 'देहात की जनता' का तात्पर्य है

(1) कस्बे का जनसमुदाय

(2) ग्रामीण जनसमुदाय

(3) शहरी जनसमुदाय

(4) आदिवासी जनसमुदाय

**32.** 'कजरी' गायी जाती है

(1) उत्तर प्रदेश में (2) आसाम में

(3) गुजरात में (4) राजस्थान में

**33.** 'नजर फिरी है' का तात्पर्य है

(1) उपेक्षा करना

(2) दृष्टिकोण में परिवर्तन आना

(3) अवलोकन करना

(4) कुदृष्टि डालना

**34.** जनता का संगीत है

(1) लोकगीत (2) फिल्म संगीत

(3) शास्त्रीय संगीत (4) पाश्चात्य संगीत

**35.** 'बाउल' कहाँ का लोक संगीत है ?

(1) गुजरात (2) उत्तर प्रदेश

(3) बिहार (4) बंगाल

**36.** 'तृ' की ध्वनियाँ हैं

(1) त् + ऋ (2) त + र

(3) त् + ऋ + अ (4) त्र + अ

**37.** निम्न में से कौन-सा समूह 'विष्णु' के पर्यायवाची शब्दों का है ?

(1) सुदेश, चक्रपाणि, चतुर्भुज, फणीश

(2) चक्रपाणि, चतुर्भुज, शेषशायी, गरुड़ध्वज

(3) शेखर, शशांक, दामोदर, विट्ठल

(4) महीधर, वैनतेय, वासव, देवराज

**38.** निम्न में से तद्भव शब्द है

(1) कुमार (2) कुक्कुर

(3) काजल (4) कोण

**39.** निम्न में से शुद्ध शब्द पहचानिए

(1) सहानुभूती (2) अश्रू

(3) अनुपातिक (4) ऐतिहासिक

**40.** 'पतझड़' में समास है

(1) करण तत्पुरुष (2) कर्म तत्पुरुष

(3) बहुव्रीहि (4) द्वन्द्व

**41.** 'हँसना' कैसी क्रिया है ?

(1) सकर्मक क्रिया (2) अकर्मक क्रिया

(3) संयुक्त क्रिया (4) प्रेरणार्थक क्रिया

**42.** "जो पहले कभी नहीं हुआ हो" कहलाता है

(1) अद्भुत (2) अप्रत्याशित

(3) अनुपम (4) अभूतपूर्व

**43.** निम्न में से सघोष वर्ण है

(1) अ (2) क

(3) ख (4) च

**44.** 'हृषीकेश' की संधि है

(1) हृषी + केश (2) ऋषी + केश

(3) हृषीक + ईश (4) ऋषी + ईश

**45.** टिकाऊ में प्रत्यय है

(1) ऊ (2) आऊ

(3) वू (4) उक

**46.** शब्दकोश में निम्न शब्दों का सही क्रम बताइये

(1) विश्व, विश्वंभरा, विश्वस्त, विश्वास

(2) विश्वस्त, विश्व, विश्वंभरा, विश्वास

(3) विश्वंभरा, विश्वस्त, विश्व, विश्वास

(4) विश्वंभरा, विश्व, विश्वस्त, विश्वास

*निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों (प्रश्न सं० **47-51**) के उत्तर सबसे उचित विकल्प चुनकर दीजिये :*

मोर के सिर की कलगी और सघन, ऊँची तथा चमकीली हो गई। चोंच अधिक बंकिम और पैनी हो गई, गोल आँखों में इंद्रनी की नीलाभ द्युति झलकने लगी। लंबी नील-हरित ग्रीवा की हर भंगिमा में धूपछाँही तरंगें उठने-गिरने लगी। दक्षिण-वाम दोनों पंखों में सलेटी और सफेद आलेखन स्पष्ट होने लगे। पूँछ लंबी हुई और उसके पंखों पर चंद्रिकाओं के इंद्रधनुषी रंग उद्दीप्त हो उठे। रंग-रहित पैरों को गरवीली गति ने एक नयी गरिमा से रंजित कर दिया। उसका गरदन ऊँची कर देखना, विशेष भंगिमा के साथ उसे नीची कर दाना चुगना, पानी पीना, टेढ़ी कर शब्द सुनना आदि क्रियाओं में जो सुकुमारता और सौंदर्य था, उसका अनुभव देखकर ही किया जा सकता है। गति का चित्र नहीं आँका जा सकता।

मोरनी का विकास मोर के समान चमत्कारिक तो नहीं हुआ — परंतु अपनी लंबी धूपछाँही गरदन, हवा में चंचल कलगी, पंखों की श्याम-श्वेत पत्रलेखा, मंथर गति आदि से वह भी मोर की उपयुक्त सहचारिणी होने का प्रमाण देने लगी।

**47.** प्रस्तुत गद्यांश है

(1) एक शब्दचित्र (2) एक निबंध

(3) एक रिपोर्ताज (4) एक कहानी

**48.** 'रंजित' का तात्पर्य है

(1) रंगयुक्त (2) आवेश युक्त

(3) शोभा युक्त (4) इनमें से कोई नहीं

**49.** मंथर गति होती है

(1) तेज गति (2) धीमी गति

(3) लय युक्त गति (4) टेढ़ी गति

**50.** बंकिम का तात्पर्य है

(1) टेढ़ा (2) सुंदर

(3) तीखा (4) कठोर

**51.** किसकी क्रियाओं में सुकुमारता व सौंदर्य था ?

(1) मोर की (2) मोरनी की

(3) तोते की (4) लेखिका की

**52.** शब्द युग्म अवर - अपर का सही अर्थ है

(1) अतिरिक्त - निम्न

(2) निम्न - अन्य

(3) उच्च - निम्न

(4) निम्न - उच्च

**53.** 'किसी वस्तु को गलत समझ लेना' है

(1) सन्देह (2) संशय

(3) भ्रान्ति (4) अज्ञान

**54.** 'पण्डित' से बनी भाववाचक संज्ञा है

(1) पाण्डित्य (2) पंडिताईन

(3) पठन (4) ये सभी

**55.** 'मुद्रा' शब्द का अर्थ समूह चुनिए

(1) मोहर, छाप, सिक्का, अँगूठी

(2) चेहरे का भाव, छाप, अँगूठी, प्रति

(3) नाम, लिखना, सिक्का, छापाखाना

(4) चोट, छापा, धन, स्टाम्प

**56.** 'मरने की इच्छा' के लिए एक शब्द है

(1) मृत्यकांक्षी (2) मुमुर्षा

(3) मरणेच्छु (4) मरणासन्न

**57.** निम्नलिखित में से एक अनेकार्थी शब्द 'खग' से संबंधित *नहीं* है, उसको चुनिए

(1) मन (2) तीर

(3) पक्षी (4) आकाश

**58.** निम्न में से तत्सम शब्द है

(1) अगम (2) अमिय

(3) आंवला (4) आशिष

**59.** निम्न में से कौन शब्द हमेशा बहुवचन में प्रयुक्त होता है ?

(1) हस्ताक्षर (2) समाचारपत्र

(3) चिड़िया (4) तिजोरी

**60.** 'त्यक्त' शब्द का सही विलोम है

(1) गृहीत (2) त्याज्य

(3) तुच्छ (4) प्रिय

## भाग – III/PART – III

## भाषा – II (अंग्रेजी)/LANGUAGE – II (ENGLISH)

**61.** Choose the correct word for the blank :

You can park the car on ............... side of the road.

(1) either

(2) none

(3) both

(4) neither

**62.** Choose the correct meaning of :

'A beverage'

(1) something red

(2) an alcoholic drink

(3) any drink

(4) soft drink

**63.** Choose ***one word*** for the words underlined :

When her dog died she cried very hard for half an hour.

(1) howl (2) screamed

(3) sobbed (4) drowned

**64.** Kashmir is ............... between India & Pakistan.

(1) an apple of eye

(2) an apple of discord

(3) an apple of fight

(4) None of the above

**65.** The Solitary Reaper is a melancholy song. Here, the word melancholy means

(1) expressing joy

(2) expressing sadness

(3) expressing humour

(4) expressing anger

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions that follow (Q. Nos.* ***66*** *to* ***75****) by selecting the most appropriate option :*

A completely uneducated farmer's work is far more important than that of a professor. We can live without education, but we die if we have no food. If no one cleaned our streets and took the rubbish away from the house, we should get terrible diseases in our towns. In countries where there are no servants, because every one is ashamed of doing house work, the professors have to waste much of their time doing house work.

In fact when we say that all of us must be educated, we mean that all of us must be educated in such a way that firstly, each of us can do what ever job is suited to his ability and brain and secondly that we can realize that all jobs are necessary to society and that it is very bad to be ashamed of one's work or to scorn some one else's. Only such type of education can be called valuable to society.

66. If no one cleans our streets we should
(1) be unclean (2) be unhappy
(3) get diseases (4) get dirty

67. Only such type of education can be called valuable. Such type of education refers to
(1) that which enables us to do any thing
(2) that which enables us to scorn some one else's work
(3) that which develops dislike in us
(4) that which enables us to do any work and not to hate any work

68. Which word in the passage is one word for 'one who is a university teacher' ?
(1) teacher (2) professor
(3) educationist (4) lecturer

69. A completely uneducated farmer's work is more important than
(1) that of a businessman
(2) that of a professor
(3) that of an artist
(4) that of an advocate

70. Professors, in some countries waste their time because
(1) they have to do house work
(2) they have to teach lower classes
(3) they have to help the students
(4) they have to wait for train

71. Which word in the passage is the ***opposite*** of 'like' ?
(1) terrible (2) ashamed
(3) scorn (4) dislike

72. According to this passage what is very bad ?
(1) to be ashamed of one's work
(2) to scorn some one else's work
(3) both (1) and (2)
(4) not to do work suited to our ability

73. Which word in the passage means 'waste material' ?
(1) uneducated (2) ashamed
(3) rubbish (4) none of these

74. We can live without
(1) food (2) education
(3) playing (4) doing exercise

75. What should we realize ? We should realize that
(1) each of us can do farming
(2) all jobs are necessary to society
(3) all of us cannot get education
(4) all of us should not do house work

76. The word 'Oasis' means

(1) a garden full of flowers

(2) a palace surrounded by trees

(3) a green patch in a desert

(4) a barren piece of land

77. The passive form of 'He knows her' is

(1) She knows him

(2) She is known to him

(3) She has known to him

(4) She has been known to him

78. Choose the correct ***conjunction*** for the blank :

He is witty ............... vulgar.

(1) that (2) because

(3) though (4) so

79. Choose the correctly punctuated sentence

(1) What a day.

(2) What a day ?

(3) What, a day ?

(4) What a day !

80. The phrase - 'to look into' means

(1) to examine

(2) to search

(3) to exercise

(4) to take care of

81. 'To imitate' someone means to

(1) copy someone

(2) tease someone

(3) make someone angry

(4) please someone

82. Choose the correct ***preposition*** for the blank :

I mix up the butter ............... I bake the cake.

(1) before

(2) after

(3) to

(4) None of the above

83. Choose the correct ***indirect*** form of :

Ravi said, "Guests have taken their lunch."

(1) Ravi said that guests had taken their lunch.

(2) Ravi said that guests have taken their lunch.

(3) Ravi said that guests had to take their lunch.

(4) Ravi said that guests are taking their lunch.

84. Choose the correct ***preposition*** for the blank :

There is a bench ............... the lamp post.

(1) through (2) over

(3) along (4) beside

85. Choose the correct ***article*** for the blank :

Please help me clean my ................ apartment.

(1) a (2) an

(3) the (4) Zero article

86. Choose the correct ***opposite*** word for the underlined word :

Her nephew isn't <u>ugly</u>.

(1) beautiful (2) handsome

(3) large (4) heavy

87. Choose the ***plural*** of the word given in bracket :

Scientists are always studying the ............... (phenomenon) of nature.

(1) phenomenons

(2) phenomenones

(3) phenomena

(4) phenomenas

88. Meaning of the word 'prophecy' is

(1) proverb

(2) old saying

(3) prediction

(4) None of the above

89. Choose the most natural order of the following words :

what's that bag / ? in small

(1) What's small in that bag ?

(2) Small whats in that bag ?

(3) What's in that small bag ?

(4) All of the above

90. Choose the correct ***tense*** of the underlined verb phrase :

Kavita said that she <u>had been waiting</u> for me for two hours when I arrived.

(1) simple past

(2) past perfect continuous

(3) past perfect

(4) present perfect continuous

*गणित एवं विज्ञान :*

परीक्षार्थियों को प्रश्न **91** से **150** भाग – **IV (a)** (गणित एवं विज्ञान) से हल करने हैं।

***Mathematics and Science :***

Candidates have to do questions **91** to **150** from **Part – IV(a)** (**Mathematics and Science**).

→

गणित एवं विज्ञान :

परीक्षार्थियों को प्रश्न 91 से 150 भाग - IV(a) (गणित एवं विज्ञान) से हल करने हैं।

Mathematics and Science :

Candidates have to do questions 91 to 150 from Part - IV(a) (Mathematics and Science).

## भाग - IV(a)/PART - IV(a)

## गणित एवं विज्ञान/MATHEMATICS & SCIENCE

**91.** वर्षा जल संग्रहण का मूल मंत्र है

(1) जल जहाँ गिरे वहीं एकत्र करें
(2) जल को बाँधों में एकत्र करें
(3) जल को नहरों अथवा नदियों में एकत्र करें
(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** अपमार्जक है

(1) प्रबल अम्ल एवं प्रबल क्षार का लवण
(2) दुर्बल अम्ल एवं प्रबल क्षार का लवण
(3) प्रबल अम्ल एवं दुर्बल क्षार का लवण
(4) दुर्बल अम्ल एवं दुर्बल क्षार का लवण

**93.** तेज गति से घूमती हुई न्यूटन की डिस्क का रंग दिखाई देता है

(1) इन्द्रधनुष जैसा
(2) नारंगी
(3) लगभग श्वेत
(4) रंगहीन

**94.** विषाणु जनित रोग है

(1) हैजा और पोलियो
(2) टाइफाइड और जुकाम
(3) छोटी माता और पोलियो
(4) पोलियो और क्षयरोग

**91.** The basic theme for water conservation is

(1) Collecting water where it falls
(2) Collecting water in dams
(3) Collecting water in canals or streams
(4) None of the above

**92.** Detergent is

(1) salt of strong acid and strong base
(2) salt of weak acid and strong base
(3) salt of strong acid and weak base
(4) salt of weak acid and weak base

**93.** The colour of the fast rotating Newton's Disc, appears to be

(1) like a rainbow
(2) orange
(3) almost white
(4) colourless

**94.** Which group shows viral disease ?

(1) Cholera and Polio
(2) Typhoid and Cold
(3) Chicken pox and Polio
(4) Polio and Tuberculosis

**95.** टाइफाइड के जीवाणु की उष्मायन अवधि हो सकती है

(1) 1 से 5 दिन

(2) 10 से 20 दिन

(3) 20 से 25 दिन

(4) 20 से 30 दिन

**96.** विभवमापी की सहायता से निम्न में से किसको मापा जा सकता है ?

(1) सेल का वि० वा० बल

(2) धारा

(3) प्रतिरोध

(4) उपरोक्त सभी

**97.** $f$ और $2f$ के बीच रखी वस्तु का उत्तल लेंस द्वारा बना प्रतिबिंब होता है

(1) वास्तविक एवं सीधा

(2) आभासी एवं उल्टा

(3) आभासी एवं सीधा

(4) वास्तविक एवं उल्टा

**98.** चुम्बक अपने गुण खो देते हैं

(1) गर्म करने पर

(2) ऊँचाई से गिरने पर

(3) हथौड़े से पीटने पर

(4) उपर्युक्त सभी

**99.** पीतल बना होता है

(1) जिंक और कॉपर से

(2) जिंक और टिन से

(3) कॉपर और एलुमिनियम से

(4) एलुमिनियम और टंगस्टन से

**95.** The incubation periods for typhoid bacteria is

(1) 1-5 days

(2) 10-20 days

(3) 20-25 days

(4) 20-30 days

**96.** Which of the following quantities can be measured by potentiometer ?

(1) e.m.f. of cell

(2) current

(3) resistance

(4) All of the above

**97.** The image formed by a convex lens, when the object is placed between $f$ and $2f$ is

(1) Real and erect

(2) Virtual and inverted

(3) Virtual and erect

(4) Real and inverted

**98.** Magnets lose their magnetic properties, when

(1) Heated

(2) Dropped from a height

(3) Hammered

(4) All of the above take place

**99.** Brass is made up of

(1) Zinc and copper

(2) Zinc and tin

(3) Copper and aluminium

(4) Aluminium and tungsten

100. एक कण का सरल आवर्त गति में त्वरण होता है

(1) हमेशा शून्य

(2) हमेशा स्थिर

(3) संतुलन अवस्था में उच्चतम

(4) चरम अवस्था में अधिकतम

101. शरीर वर्धक भोजन होता है

(1) वसा युक्त

(2) प्रोटीन युक्त

(3) शर्करा युक्त

(4) रेशेयुक्त

102. वायुमंडलीय नाइट्रोजन को विलय पदार्थो में परिवर्तित कर देते हैं

(1) शैवाल (2) राइजोबियम

(3) कवक (4) लाइकेन

103. यदि एक परागकण एक पुष्प के परागकोश से उसी पुष्प के वर्तिकाग्र पर स्थानान्तरित किया जाता है, तो उसे कहते हैं

(1) स्वकयुग्मन

(2) सजातपुष्पी परागण

(3) परनिषेचन

(4) युग्मक संलयन

104. 'हर्ट्ज' मात्रक है

(1) बल का (2) दाब का

(3) संवेग का (4) आवृत्ति का

105. वर्गिकी (टैक्सोनॉमी) में सम्मिलित है

(1) वर्गीकरण

(2) नामपद्धति

(3) पहचान

(4) उपरोक्त सभी

100. The acceleration of a particle in SHM is

(1) always zero

(2) always constant

(3) maximum at mean position

(4) maximum at amplitude

101. The food required for body growth is

(1) Fat containing

(2) Protein containing

(3) Carbohydrate containing

(4) Fibrous

102. Atmospheric Nitrogen converts into soluble substances by

(1) Algae (2) Rhizobium

(3) Fungi (4) Lichen

103. If pollen grain is transferred from anther to stigma of the same flower, it is called

(1) Autogamy

(2) Geitonogamy

(3) Xenogamy

(4) Syngamy

104. "Hertz" is the unit of

(1) Force (2) Pressure

(3) Momentum (4) Frequency

105. A taxonomy includes

(1) Classification

(2) Nomenclature

(3) Identification

(4) All of the above

106. विद्युत् सेल में ऊर्जा परिवर्तन होता है

(1) स्थितिज ऊर्जा से गतिज ऊर्जा

(2) स्थितिज ऊर्जा से विद्युत् ऊर्जा

(3) विद्युत् ऊर्जा से गतिज ऊर्जा

(4) रासायनिक ऊर्जा से विद्युत् ऊर्जा

107. रेखित पेशी का उदाहरण है

(1) आहारनाल की पेशियाँ

(2) हृदय की पेशियाँ

(3) जनन तंत्र की पेशियाँ

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. सूक्ष्मतम कोशिका कवकद्रव्य (माइकोप्लैज्मा) में पाई जाती हैं। कवकद्रव्य है

(1) विषाणु

(2) कवक

(3) जीवाणु

(4) हरित शैवाल

109. "साइटोकाइनिन" है एक

(1) पादप एन्जाइम

(2) जन्तु हॉर्मोन

(3) जन्तु एन्जाइम

(4) पादप हॉर्मोन

110. समुद्री पानी से स्वच्छ पानी प्राप्त करने की प्रक्रिया होती है

(1) परासरण

(2) फिल्टरेशन

(3) अलवणीकरण

(4) प्रतिलोम परासरण

106. An electric cell transforms

(1) Potential Energy into Kinetic Energy

(2) Potential Energy into Electrical Energy

(3) Electrical Energy into Kinetic Energy

(4) Chemical Energy into Electrical Energy

107. Example of striated muscle is

(1) Alimentary canal muscle

(2) Cardiac muscle

(3) Reproductive tract muscle

(4) None of the above

108. Minute cells are found in mycoplasma. Mycoplasma is

(1) Virus

(2) Fungi

(3) Bacteria

(4) Green algae

109. "Cytokinin" is a

(1) Plant Enzyme

(2) Animal Hormone

(3) Animal Enzyme

(4) Plant Hormone

110. The phenomenon of obtaining pure water from the sea water is

(1) Osmosis

(2) Filteration

(3) Desaltation

(4) Reverse Osmosis

**111.** मानक वायुमंडलीय दाब नहीं होता है

(1) 760 mm Hg

(2) 1.03 $Kg/cm^2$

(3) 101.3 किलो पास्कल

(4) 1.03 $Kg/cm^3$

**112.** किस विधि द्वारा आर्थिक महत्त्व की फसलों की वांछित किस्मों को विकसित किया जा सकता है ?

(1) वसन्तीकरण

(2) उत्परिवर्तन

(3) प्राकृतिक चयन

(4) संकरण

**113.** विषैली गैसों के अवशोषण के लिए प्रयुक्त पदार्थ है

(1) ग्रेफाइट तंतु

(2) कार्बन स्याह

(3) सक्रिय चारकोल

(4) सोडियम सल्फेट

**114.** सामान्यतः 'प्रवास' करते हैं

(1) पक्षी

(2) स्तनधारी जीव

(3) कीट और मछलियाँ

(4) उपर्युक्त सभी

**115.** प्रेशर कुकर में सेम जल्दी से पक जाते हैं, क्योंकि

(1) दाब बढ़ाने पर क्वथनांक बढ़ता है

(2) दाब बढ़ाने पर क्वथनांक घटता है

(3) प्रेशर कुकर का अतिरिक्त दाब सेम को मुलायम बना देता है

(4) प्रेशर कुकर में बनाने से आन्तरिक ऊर्जा की हानि नहीं होती

**111.** The standard atmospheric pressure can not be expressed as

(1) 760 mm Hg

(2) 1.03 $Kg/cm^2$

(3) 101.3 Kilo Pascal

(4) 1.03 $Kg/cm^3$

**112.** The desired varieties of economically useful crops are raised by

(1) Vernalization

(2) Mutation

(3) Natural selection

(4) Hybridization

**113.** The substance used for adsorbing poisonous gases is

(1) Graphite fibre

(2) Carbon black

(3) Activated Charcoal

(4) Sodium Sulplate

**114.** 'Migration' is commonly practiced by

(1) Birds

(2) Mammals

(3) Insects & Fishes

(4) All of these

**115.** The beans are cooked faster in pressure cooker because

(1) boiling point increase with increasing pressure

(2) boiling point decrease with increasing pressure

(3) Extra pressure of pressure cooker softens the beans

(4) Internal energy is not lost while cooking in pressure cooker

116. प्राथमिक इन्द्रधनुष की रचना वर्षा के पश्चात् दिखाई देती है, क्योंकि
(1) बूँदों में परावर्तन होता है
(2) छोटी बूँदों द्वारा सूर्य की किरण का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन होता है
(3) बूँदों में विवर्तन होता है
(4) बूँदों में द्विअपवर्तन होता है

117. यदि किसी वस्तु का संवेग अपरिवर्तित रखते हुए उसका द्रव्यमान दुगुना कर दिया जाये, तो उसकी गतिज ऊर्जा
(1) बदलती नहीं है
(2) दुगुनी हो जाती है
(3) आधी रह जाती है
(4) चार गुनी हो जाती है

118. नाल चुम्बक का भंडारण करते समय इसके ध्रुवों के संपर्क में रखना चाहिए
(1) लकड़ी का टुकड़ा
(2) लोहे का टुकड़ा
(3) सोने का तार
(4) काँच का टुकड़ा

119. प्राकृतिक सूचक लिटमस प्राप्त किया जाता है
(1) लाइकेन द्वारा (2) केंचुए द्वारा
(3) चींटियों द्वारा (4) शैवाल द्वारा

120. चींटी काटने पर त्वचा पर कैलेमाइन का विलयन लगाया जाता है। कैलेमाइन का रासायनिक सूत्र (अणुसूत्र) है
(1) $CaCO_3$ (2) $CaC_2$
(3) $ZnCO_3$ (4) $K_2CO_3$

